# सीहोर जिला

नवभारत
भोपाल, सोमवार, 16 फरवरी, 2026







### एक नजर में



## विद्यालय में अक्षर साथियों को दिया प्रशिक्षण

**दोराहा.** उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दोराहा में जिला परियोजना समन्वयक आरआर ऊइके के मार्गदर्शन में अक्षर साथियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें बड़ी संख्या में अक्षर साथियों ने भाग लिया. इस दौरान संकुल प्रभारी नीता झनगानिया, नितेश जायसवाल, चेतन शर्मा, दीनदयाल सिसोदिया द्वारा अक्षर साथियों को प्रशिक्षण दिया गया. संकुल समन्वयक नितेश जायसवाल ने कहा कि अभ्यास और प्रशिक्षण से व्यक्ति में दक्षता का विकास होता है. वहीं चेतन शर्मा ने कहा कि अक्षर साथियों के प्रशिक्षण से उनमें आगे बढ़ने ओर बेहतर कार्य करने की क्षमता विकसित होगी. सभी अक्षर साथियों ने विश्वास दिलाया कि सभी को साक्षर करेंगे.



## पुलवामा आतंकी हमले में शहीद जवानों को किया याद

**सीहोर.** कांग्रेस ने पुलवामा में आतंकियों द्वारा वीर जवानों पर किए गए कायराना हमले की बरसी पर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए. जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कहा कि सात साल पहले आतंकवादियों ने कायराना हरकत करते हुए भारत के वीर जवानों पर धोखे से हमला कर दिया था, जिसमें हमारे देश के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे. आज हम सब उन्हीं के याद में यहां एकत्रित हुए हैं और उन्हें अपने हृदय की गहराइयों से नमन करते हैं. श्री शर्मा ने अंत में सभी छात्रों को देशप्रेम की शपथ दिलवाई और जवानों का हमेशा स मान करने की बात कही. इस अवसर पर कांग्रेस नेता अरुण मालवीय आदि उपस्थित थे.



## राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में प्रत्याशी राजपूत का स्वागत

**सीहोर.** गत दिवस राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव में सदस्य पद प्रत्याशी भानुसिंह राजपूत जनसंपर्क अभियान के तहत जिला न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता चैम्बर-6 में संपर्क करने पहुंचे. जिला बार एसोसिएशन के पुस्तकालय अध्यक्ष श्रवण वास्तवार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेरखान समर्थक कुतुबउद्दीन शेख, पत्रकार संतोषसिंह अधिवक्ता विजय सक्सेना, सुनील मेहता भगवान सिंह राजपूत, संजय पटेल, मनीष राठौर, प्रवीण जैन हरदयाल सूर्यवंशी आदि ने श्री राजपूत का स्वागत किया.



## पोषण दिवस शिविर में किया 565 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस एचपीएनडी के अवसर पर समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई. सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार देहरिया ने बताया कि कार्यक्रम के तहत बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. हितग्राहियों को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं सेवाओं का लाभ भी दिया गया. कार्यक्रम के दौरान 0 से 1 वर्ष आयु वर्ग के 565 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जबकि 1 वर्ष से अधिक आयु के 200 बच्चों को भी वैक्सीनेशन प्रदान किया गया. इसके अतिरिक्त कुल 112 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई. स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित यह अभियान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.



## कलेक्टर-एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरु के व एसपी दीपक शुक्ला ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाएं देखी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त व्यवस्थाओं में निगरानी रखी जाए और संचालन में किसी प्रकार की शिथिलता न आने पाए. निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, पार्किंग प्रबंधन, यातायात नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का विशेष रूप से जायजा लिया. संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित संचालित होती रहें, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. इसके साथ ही उन्होंने धाम समिति एवं विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने पर जोर दिया. इस अवसर पर एडीएम वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम सिंह गौड़ आदि उपस्थित थे.

# भगवान भोलेनाथ बने दूल्हा, बाराती सारा शहर

## महाशिवरात्रि के महापर्व पर शिवालयों व मंदिरों में सुबह से लगा रहा भक्तों का तांता, शाम को निकली भव्य शिव बारात

- नगर के शिवालयों में गूंजता रहा ऊं नम: शिवाय
- सुबह से देर रात तक शिवमय नगर हुआ सिद्धपुर शहर





**सीहोर.** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर के शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही. भक्तों ने बाबा का अभिषेक किया. शाम को शहर में भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसे देखने हजारों श्रद्धालु उमड़ आए थे.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 15 फरवरी. देवादिदेव महादेव की भक्ति का पर्व महाशिवरात्रि रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. दिनभर शहर के शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं. भगवान भोलेनाथ का अभिषेक होता रहा. समीप के कुबेरेश्वर धाम पर भी जारी शिव महापुराण में भक्तों की अपार भीड़ देखी गई. शाम को शहर में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई.**

महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शहर भर के शिवालयों और मंदिरों पर आकर्षक साजसज्जा की गई थी. सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के विशेष साज श्रृंगार के साथ ही अभिषेक प्रारंभ हो गए थे, शहर के मनकामेश्वर मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, चमत्कारेश्वर, बिलवेश्वर महादेव मंदिर सहित सभी मंदिरों में सुबह से शाम तक भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने वालों की कतारें देखी गई. बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों ने व्रत उपवास रखकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया.

रविवार को शहर में महाशिवरात्रि उत्साह के साथ मनाई गई. दिन भर मंदिरों में शिवाभिषेक का सिलसिला बना रहा. जगह-जगह खिचड़ी, मठा वितरित किया जाता रहा. लिसा चौराहे पर महाकाल सेवा समिति द्वारा साबूदाने की खीर, खिचड़ी और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया. इसी तरह मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर भाजपा नेता जसपालसिंह अरोरा द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया. इसके अलावा नमक चौराहा सहित अन्य स्थानों पर भी प्रसाद वितरित किया जाता रहा. शाम को इंदौर नाका स्थित बटेश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई. शिव बारात आयोजन समिति के तत्वावधान में निकाली गई शिव बारात को देखने हजारों की भीड़ उमड़ आई थी. शाम से मेन रोड की दुकानों के फुटपाथ पर लोगों ने डेरा जमा लिया था. शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी शिव बारात में भक्त मस्ती में झूमते नाचते दिखाई दिए. काशी विश्वनाथ मंदिर पर महा आरती के बाद बारात का समापन हुआ.

शिव बारात समिति के संस्थापक लोकेश सोनी ने बताया कि कलाकारों की प्रस्तुति हेतु चल समारोह मार्ग पर आठ पॉइंट बनाए गए थे. शहर में भव्य और विशाल शिव बारात को देखने के लिए शहर ही नहीं आसपास के ग्रामीण अंचलों के भक्तों के अलावा कुबेरेश्वर धाम पर आए देश भर के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ आई थी.

### बुधनी में दिन भर बना रहा शिवमय वातावरण

**बुधनी.** महाशिवरात्रि पर्व पर नगर भक्ति और श्रद्धा में सराबोर नजर आया. तड़के सुबह चार बजे से ही शिवालयों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई. मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा. श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर फल, फूल, भांग, धतूरा, बेलपत्र, मावा और गंगाजल अर्पित किया. नगर के सभी प्रमुख शिवालयों में विशेष पूजा-अनुष्ठान आयोजित किए गए, जहां भक्ति, आस्था और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला. सुबह से ही नगर के प्राचीन शिव मंदिरों में भगवान शिव के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. स्थानीय तहसील परिसर में स्थित नव निर्मित प्राचीन शिव मंदिर को महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया था.

### देवलोक के सभी देवगण बारात में हुए शामिल

महाशिवरात्रि पर निकाली जाने वाली भव्य शिव बारात शहर का प्रमुख आयोजन हो गई है. विशाल अघोरी एण्ड ग्रुप दिल्ली, नवाब विनय आर्ट ग्रुप जम्मू, भस्म रमैया भक्त मण्डल उज्जैन, वटेश्वर महादेव भक्त मण्डल सीहोर, इन्दौर, भोपाल, बैरसिया, की आकर्षक झाकियां, वृंदावन की रासलीला, राजस्थान का घुमर, 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन बाबा महांकाल के दर्शन, श्याम प्रेमी ग्रुप जबलपुर, गुरू तेजबहादुर एंड गतका अखाडा पंजाब, सोनू सांवरिया एंड ग्रुप पंजाब, प्रतीक 21 रंगोली आट्रिस्ट कोलहापुर महाराष्ट्र, शिव कन्या ढोल ग्रुप छिन्दवाड़ा की प्रस्तुति ने समां बांध दिया, वहीं महाकाल आर्ट ग्रुप कोटा व इंदौर के कलाकारों द्वारा बाबा महाकाल की झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था. इसके अलावा स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई भगवान भोलेनाथ के आदि योगी स्वरूप की भव्य प्रतिमा के साथ 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन भक्तों ने किए. वहीं दूसरी रासलीला शिव तांडव की प्रस्तुति ने शिव बारात की भव्यता को और वैभव प्रदान किया.

## गेहूं पंजीयन सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

**सीहोर.** रबी विपणन वर्ष के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित की गई है. कलेक्टर बालागुरु के द्वारा अधिकारियों से सभी पात्र किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं. खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे. पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी, बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा.

# ऑक्सीजन देने वाले पौधों की महत्ता को नहीं कर सकते दरकिनार

- रुद्राक्ष महोत्सव के दूसरे दिन उमड़ी ढाई लाख लोगों की भीड़
- पं. मिश्रा ने ज्योतिर्लिंग वाटिका में किए बेलपत्र पौधे रोपित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 15 फरवरी.** पौधरोपण जीवन के लिए बेहद जरूरी है. आक्सीजन देने वाले पौधों की महत्ता को दरकिनार नहीं किया जा सकता. हमें मुफ्त में आक्सीजन पेड़-पौधे ही देते हैं. बढ़ती जनसंख्या और घटते पेड़-पौधे मानव जीवन के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर रहे हैं. पर्यावरण संतुलन से ही मानव सुरक्षित व खुशहाल रहेगा. जब हर कदम पर पौधे लगाए जाएंगे तभी मानव जीवन पूर्ण रूप से स्वस्थ रहेगा.

यह बात रविवार को रुद्राक्ष महोत्सव के दूसरे दिन पंडित प्रदीप मिश्रा ने कही. उन्होंने कहा कि भगवान शिव का संदेश भी प्रकृति से तालमेल रखने का है. कथा प्रारंभ होने में पहले पंडित मिश्रा ने ने ज्योतिर्लिंग वाटिका में 13 बेलपत्र के पौधों का रोपण कर ग्रीन शिवरात्रि का आह्वान किया. पंडित मिश्रा ने कहा कि तुम्हारे दुख की घड़ी में भोले बाबा हमेशा खड़ा रहेगा. तुम्हारा कष्ट तुम्हें सहना है, कोई दूसरा नहीं सहेगा. महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को करीब ढाई लाख से ज्यादा श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे. चार बड़े पंडालों के साथ-साथ श्रद्धालु खुले में पीछे तक बैठे नजर आए. कई भक्तों ने तो एलईडी के माध्यम से पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा सुनी. खास बात यह है कि इस बार श्रद्धालु निजी वाहनों से कम आए. 70 फीसदी श्रद्धालु सीहोर-भोपाल स्टेशन पर उतरकर ऑटो से कुबेरेश्वर धाम पहुंचे. जनसमूह को संबोधित करते हुए पं. मिश्रा ने कहा आत्मा को ही लिंग कहते हैं, जिसे हमारे यहां आत्मलिंग कहा गया है. महादेव हमारी श्वासों के रूप में विराजमान हैं. शिव चरित्र की व्याख्या करते हुए पंडित मिश्रा ने बताया महादेव अपने भक्त को दौलत देने से पहले सहनशीलता देते हैं.आज के समाज में सहनशीलता की कमी ही सभी दुखों का कारण है. जो व्यक्ति शिव की शरण में है, वह विपरीत हालात में भी विचलित नहीं होता.



### 80 क्विंटल फलाहारी खिचड़ी का वितरण

कुबेरेश्वर धाम पर आए श्रद्धालुओं के लिए रविवार को 80 क्विंटल से अधिक फलहारी खिचड़ी का वितरण किया. इसके साथ ही 50 क्विंटल छाछ, 30 क्विंटल फलहारी मिक्चर, 25 क्विंटल से अधिक साबूदाने की खीर भी बिट्ठलेश्वर सेवा समिति ओर से वितरित की गई.

# हर- हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय व मंदिर

- क्षेत्र में भक्तिभाव के साथ मना महाशिवरात्रि महापर्व
- टपकेश्वर महादेव मंदिर पर उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 15 फरवरी.** रविवार को क्षेत्र में शिव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा. मठ-मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है. भक्तजनों ने पूजा-अर्चना और अभिषेक किया.

प्रसिद्ध टपकेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की दिनभर कतार लगी रही. सुबह से ही मंदिर तक पहुंचने वाले दोनों मार्गों पर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं. मठ मंदिरों में जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी किया गया. विंध्याचल पर्वत भी जयकारों से गूंज उठा. स्थानीय प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई. जिससे दर्शन व्यवस्था सुचारु बनी रही. देवी धाम सलकनपुर में भक्तों का तांता लगा रहा. महाशिवरात्रि रविवार के दिन होने के कारण देवी धाम सलकनपुर में सीढ़ी, रोड़ एवं रोड़ पर मार्ग से हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं मां भगवती के दर्शन करने पहुंचे. सिलकनपुर में भगवान भोलेनाथ का प्राचीन मंदिर भी है जहां रोड़ मार्ग विंध्याचल पहाड़ी पर स्थित है.



## बिना अनुमति अवकाश जाने पर लगाई रोक

नवभारत न्यूज

**सीहोर 15 फरवरी.** कलेक्टर बालागुरू के ने 16 फरवरी से 6 मार्च तक चलने वाले विधानसभा बजट सत्र के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं कि विधानसभा के प्रश्न जैसे ही प्राप्त होते हैं उसके उत्तर तैयार कर भेजने की व्यवस्था करें. उत्तर समयावधि में सही एव पूरक जानकारी सहित भेजने का उत्तरदायित्व संबंधित कार्यालय प्रमुख,प्रभारी अधिकारी का होगा.

जिला कार्यालय के राजस्व विभाग से संबंधित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर परीक्षण कर समयावधि में भेजने के लिए एडीएम वृंदावन सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है. सत्र के दौरान कोई भी अधिकारी बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर न जाएं. मुख्यालय से अनुपस्थित पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी. जिला कार्यालय एवं अन्य संबंधित कार्यालयों में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जाए तथा नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई जाए, जो विधानसभा से संबंधित पत्राचार के लिए उत्तरदायी हो. इसके साथ ही विधानसभा बजट सत्र के दौरान सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए हैं.

**लापरवाही** — सलकनपुर डाकघर में एक माह से निकासी व्यवस्था बंद

# एक माह से मोबाइल डिवाइस गायब, योजनाओं की राशि अटकी

नवभारत न्यूज

**सलकनपुर 15 फरवरी.** देवीधाम सलकनपुर का डाकघर इन दिनों अपनी अव्यवस्था को लेकर चर्चा में है. पिछले एक माह से यहां मोबाईल डिवाइस उपलब्ध नहीं होने के कारण सैकड़ों खाताधारक, विशेषकर लाड़ली बहना योजना और पेंशनधारी महिलाएं, अपने ही खातों से राशि निकालने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं.

जानकारी के अनुसार डाकघर में लगभग 500 खातों का संचालन होता है. जहां इटारसी, मकोड़िया, नीमखेड़ी, सेमरिया, मालीबायां, सगोनिया आदि ग्राम की महिलाएं वृद्धा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन तथा अन्य शासकीय योजनाओं की राशि इसी डाकघर से निकालती रही हैं, लेकिन मोबाइल डिवाइस गुम हो जाने के बाद से निकासी की प्रक्रिया पूरी तरह प्रभावित है. गांव की कृष्णाबाई ने बताया कि सरकार की पेंशन की राशि मेरे खाते में आती है. पास में डाकघर होने से सुविधा रहती थी, लेकिन पिछले एक महीने से पैसा नहीं निकाल पा रहे हैं. गांव की लाड़ली बहना एवं पेंशन हितग्राही प्रीति चौहान ने बताया कि पिछले महीने से ही खाते में जमा राशि की निकासी के लिए बार-बार डाकघर के चक्कर लगाना पड़ रहा है. डाकघर में सुविधा नहीं होने के कारण पैसे देकर मार्केट में ऑनलाइन की दुकान से पैसा निकालना पड़ता है.

सलकनपुर ब्रांच पोस्ट मास्टर प्रवीण नैनावत ने बताया कि 12 दिसंबर को सेंटर रेहटी जाते समय उनकी जेब से डाकघर का मोबाइल डिवाइस गिर गया था. इसकी शिकायत तत्काल थाने में दर्ज कराई गई और वरिष्ठ डाक अधीक्षक कार्यालय को भी सूचना भेजी गई. एवं मोबाईल डिवाइस गुम होने का जुर्माना भी समय से भर दिया गया बावजूद इसके अब तक नया डिवाइस उपलब्ध नहीं कराया गया है. वहीं ब्रांच पोस्ट मास्टर को जमा एवं निकासी के लिए प्रतिदिन रेहटी से करना पड़ता है.

इस मामले में डाक निरीक्षक का कहना है कि सलकनपुर डाक शाखा का डिवाइस गुम होने की जानकारी मिलने के बाद हमारे द्वारा तुरंत कार्रवाई कर दी गई है. देरी होने का हमें खेद है हमारे डिपार्टमेंट के लिए स्पेशल मोबाईल डिवाइस उपलब्ध कराया जाता है. जो इंदौर हेड ऑफिस से हमारे पास आ चुका है जिसमें कुछ मोबाईल की एप्लीकेशन इंस्टॉलेशन होना बाकी है जिसे हमारे द्वारा लगभग सोमवार को मोबाईल डिवाइस सलकनपुर शाखा को उपलब्ध करा दिया जाएगा. विभाग की इस लापरवाही ने सैकड़ों हितग्राही को परेशान कर रखा है.



## मीटर से छेड़छाड़ करने पर होगी कार्यवाही

**सीहोर.** विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी. कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट अथवा उपाय एप या बिजली वितरण केन्द्र/ जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं. यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत कार्रवाई की जाएगी.